## हादसे में घायल की मौत के बाद फूटा जनाक्रोश

### सागर–चनौआ ट्रक ब्लास्ट हादसा : आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग तेज

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. गढ़ाकोटा क्षेत्र अंतर्गत चनौआ विस्फोटक ट्रक हादसे में गंभीर रूप से घायल अरुण चौबे की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया. गुस्साए लोगों ने चक्काजाम किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**



जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व चनौआ के पास विस्फोटक सामग्री से भरे एक ट्रक में हादसा हो गया था, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे. हादसे में घायल अरुण चौबे का उपचार सागर स्थित बंसल अस्पताल में चल रहा था. लंबे समय तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. अरुण चौबे की मौत की सूचना जैसे ही गांव पहुंची, बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आए. चनौआ के समीप पड़रिया क्षेत्र में लोगों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने, हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने,मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की.

परिजनों का आरोप था कि हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण न्याय मिलने में देरी हुई. ग्रामीणों ने कुछ लोगों को बचाने के आरोप भी लगाए. स्थिति बिगड़ती देख गढ़ाकोटा पुलिस मौके पर पहुंची. तहसीलदार महेश दुबे ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया. बाद में विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने मृतक परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. कई घंटों तक चली बातचीत और समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया और यातायात पुन: सुचारु हो सका. चनौआ विस्फोटक ट्रक हादसे के बाद अब अरुण चौबे की मौत ने लोगों के गुस्से को और अधिक बढ़ा दिया है. क्षेत्र में हादसे को लेकर लगातार नाराजगी बनी हुई है. ग्रामीण दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं, जबकि प्रशासन मामले की जांच और प्रभावित परिवार को सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दे रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हादसे की गंभीरता को समझते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाती, तो स्थिति इतनी न बिगड़ती. फिलहाल प्रशासन और पुलिस की नजर बनी हुई है.

## अधिकतम पायदान पर पहुंच गया पारा

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. मई माह के दूसरे पखवाड़े मे आज सोमवार को दिन का तापमान अधिकतम पायदान को पहुंच गया. जो कि ग्रीष्मकाल मे पहली बार है. दिन भर गर्म हवाओ का दौर चलता रहा. आज 18 मई को अधिकतम तापमान 44.7 डिसे पर पहुंच गया है जो की इस वर्ष मे अब तक सर्वाधिक है.**



मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ो के अनुसार लगभग आठ साल पूर्व 18 अप्रैल 2018 को भी सागर मे दिन का अधिकतम तापमान 44.4 डिसे रहा था. मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार को अधिकतम तापमान 44.7 डिसे रहा है जो सामान्य से 3 अधिक है वही रात का न्यूनतम तापमान 29 डिसे रहा जो कि सामान्य से 2 अधिक है. सुबह शाम की आद्रता का प्रतिशत 55 और 15 रहा है. आज सोमवार को दो दिन के अवकाश के बाद शासकीय कार्यालय सहित अन्य संस्थाओं में कार्य प्रारंभ हुआ. सुबह से ही सूर्य की किरणो तीखी रही और दोपहर होते होते अधिकतम तापमान बढता गया. सूर्योदय के बाद सुबह 5.30 बजे 29.8 , 8.30 बजे 35.2 डिसे पर पहुंच गया और दोपहर 11.30 बजे 42.2 डिसे तथा 2.30 बजे 43.6 पर पहुंच गया और 5.30 बजे अधिकतम तापमान 42.8 पहुंच गया. आज अधिकतम तापमान औसत रूप से 44.7 डिसे रहा है जो कि 2026 मे सर्वाधिक गर्म दिन के रूप मे दर्ज किया गया है, दिन भर गर्म हवाओ का दौर चलता रहा.

मौसम विभाग ने रविवार को ही हीट वेव चलने की चेतावनी दे दी गई थी, जिसका असर भी सुबह से देखने को मिल गया था. घर के अंदर गर्म हवाओ को महसूस किया गया. ऐसा लग रहा था कि मानो पंखे कूलर की दम निकल गई हो.





## आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. शासकीय आयुर्वेद औषधालय द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र मकरोनिया में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर के दौरान आगामी विश्व योग दिवस के अंतर्गत 100 दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम की जानकारी ग्रामीणों को दी गई. इसके साथ ही 100 दिवस टीबी मुक्ति भारत अभियान एवं निक्षय अभियान के अंतर्गत टीबी रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. ग्रामीणों को टीबी रोग में आयुष औषधियों के उपयोग एवं उनके लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया. शिविर में 64 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया.

## टीलाखेड़ी में होगा प्रभात फेरियों का सम्मेलन

**सागर.** ग्राम टीलाखेड़ी में हरे राम प्रभात फेरी संकीर्तन मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा प्रभात फेरियों के विशाल सम्मेलन एवं शोभायात्रा का 19 मई मंगलवार को सुबह 10 बजे से पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें त्रिदंडी स्वामी भक्तिप्रसाद हृषिकेश महाराज राजघाट की उपस्थिति में कार्यक्रम का श्रीगणेश होगा. सौरभ तिवारी एवं ग्राम के युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह ने बताया कि विशिष्ट अतिथि आचार्य महेश दत्त त्रिपाठी धर्माधिकारी सहित अन्य विद्वान उपस्थित रहेंगे.

## मेधावी छात्र–छात्राओं को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**बीना 18 मई.नगर रत्न अलंकरण समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों एवं विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया.**



शुभारंभ एसडीएम रविश श्रीवास्तव, सीएमओ राहुल कौरव, संयुक्त संचालक शिक्षा नीतेश दुबे, डॉ. संध्या टिकेकर, किरण गांधी, कवि महेंद्र अभागा, संयोजक सुजीत क्लॉडिय ने किया. आयोजक सुजीत क्लोडियस ने बताया कि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मां एवं पिता सीडी क्लॉडियस इंदिरा गांधी समरसता से सम्मानित की हार्दिक इच्छा थी कि नगर कि ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना चाहिए. राष्ट्रीय कवि सुनील समैया को बीना नगर रत्न से अलंकृत किया गया. सामाजिक क्षेत्र में बीबीएम कॉलेज के प्राचार्य को सम्मानित किया गया. रवि शंकर सेवा निवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया गया. बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाली दसवीं की वैष्णवी रजक एवं 12वीं की हिमानी ठाकुर का सम्मान किया गया. 18 विद्यालयों की 10वीं एवं 12वीं के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करनेवाले विद्यार्थीयो भूमिका राजपूत ,रिया तिवारी, अपर्णा राय, ऋषिका तिवारी, निहारिका कुर्मी, मणि राजपूत सम्मानित हुईं.

## कुलपति ने किया केंद्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में एनईपी सीबीसीएस की सेमेस्टर परीक्षाएं जारी हैं.**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने महर्षि कणाद भवन में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का भ्रमण किया. उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लिया. इस दौरान मुख्य परीक्षा समन्वयक प्रो. रितु यादव एवं केन्द्र के परीक्षा अधीक्षक मौजूद रहे.

## ग्राम पंचायतों में कैंप लगाने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई.कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में श्रम विभाग की संबल 2.0 योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुँचाने के लिए दिशा–निर्देश दिए गए. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आमजन से जुड़ी इस कल्याणकारी योजना में आवेदनों का निपटारा समय–सीमा में किया जाना सुनिश्चित किया जाए. समीक्षा के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और जनपद कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर पर लंबित मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग करें. सभी पात्र आवेदकों के पंजीयन की स्वीकृति 7 दिनों के भीतर दी जाए, ताकि किसी भी स्तर पर अनावश्यक पेंडेंसी न रहे. समय–सीमा का कड़ाई से पालन न होने पर 1,000 रुपये के जुर्माने के भी निर्देश दिए. योजना को पूरी तरह पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के लिए कलेक्टर ने बैंक खातों की विसंगतियों को दूर करने के लिए और अनुचित तरीके से लाभ लेने के प्रयासों को रोकने के लिए स्क्रूटनी करने के लिए कहा.

## फिल्टर प्लांट का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़18 मई. तहसीलदार एवं सीएमओ निर्मल सिंह राठौर द्वारा निकाय के वाटर वाक्स फिल्टर प्लाट का निरीक्षण किया गया.**

टेंको की चल रही सफाई को देखा गया और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि टेंको की नियमित रूप से देखरेख की जाये. फिल्टर प्लाट के चारो तरफ संपूर्ण साफ सफाई सुनिश्चित की जाये जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित किया जावे. जल सप्लाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इसका भी विशेष ध्यान रखें. इस दौरान उपयंत्री आकाश जैन, जलप्रदाय प्रभारी सुनील कुमार विश्वकर्मा मौजूद थे.

## संगठन विस्तार और महिला अधिकारों पर मंथन

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. मकरोनिया स्थित जिला ग्रामीण कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि गलत नीतियों के कारण देश और प्रदेश में महंगाई चरम पर पहुंच गई है. प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं. महिलाएं देश की आधी आबादी हैं और उन्हें अधिकारों के प्रति सजग होकर आवाज उठानी होगी. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकारों के प्रति दृढ़ संकल्पित रही है. शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत भागीदारी देकर नई मिसाल पेश की थी.संचालन पूर्व जनपद अध्यक्ष आचल आठ्या, आभार पार्षद रिचा सिंह ने माना. बैठक में रजनी वर्मा, रेखा चौधरी, प्रमिला राजपूत, माधवी चौधरी, नीलोफर अंसारी, रोशनी खान, शशि जाटव, हेमकुमारी कुर्मी, किरणलता सोनी, सीमा चौधरी, सरिता आर्य, सोनू रावत, नैना ठाकुर, माही आठ्या, रौनक आठ्या, जानकी लोधी मौजूद थीं.

## पीली कोठी उर्स का समापन

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. कुतुब हजरत सैयद दाऊद मक्की चिश्ती साबरी रह. अलैह पीली कोठी वाले बाबा के तीन दिवसीय सालाना उर्स के आखरी दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी.**



उर्स के समापन पर मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, पुष्पेन्द्र सिंह मोकलपुर, राजकुमार पचौरी, शाहिद पहलवान, गुरुचरण बेगी, राहुल चौबे आदि अतिथियों का उर्स कमेटी के द्वार शॉल,श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया. जानकारी के अनुसार उर्स कार्यक्रम में हिंदुस्तान के मशहूर फनकार चाँद कादरी और शब्बीर सदाकत साबरी कब्बाल पार्टियों के बीच तमाम रात कव्वालियों और गजलों के मुकाबले में दोनों कब्बाल पार्टियों ने जो सरहद पे मुझ को शहादत मिले,तिरंगा उड़ाना कफन के लिये,उठो हिन्दू मुस्लिम मिलन के लिये,मेरी जान जाएं वतन के लिये की प्रस्तुति दी. इस दौरान उर्स के समापन पर बाबा की दरगाह पर कुल व फातिहा के साथ नाते पाक,सलाम पेश किया जाकर देश की एकता और अखंडता, अमन,चैन की दुआ की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया

## योजनाओं से होंगे वंचित

**सागर.** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निवास कर रहे समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि अपने–अपने परिवार के सभी सदस्यों की समग्र आईडी में समग्र पोर्टल, एम.पी.ऑनलाईन सेंटर या सी.एस.सी. सेंटर से अनिवार्य रूप से ई.–के.वाय.सी करा लेंवे. जिससे आपके परिवार के सदस्यों को समग्र आईडी से मिलने वाले लाभ जैसे पेंशन, राशन, लाड़ली बहना योजना, संबल योजना, आयुष्मान योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, स्कूल एवं कॉलेज में स्कालर एवं प्रवेश सम्बन्धी लाभ से वंचित न होना पड़े, इसलिये नागरिकगण अपनी समग्र ई–केवायसी सात दिवस के भीतर करा लेवें. ई.–के.वाय.सी न कराने की स्थिति में आपकी समग्र आई.डी.को पोर्टल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जावेगा.

## रक्तदान शिविर में 1529 यूनिट रक्त का संग्रह

नवभारत न्यूज

**खुरई 18 मई. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय रक्तदान शिविर के तीसरे दिन तक कुल 1529 यूनिट रक्तदान हो चुका है.**



इसमें से 130 यूनिट ब्लड शिविर स्थल पर ही दमोह व टीकमगढ़ जिला चिकित्सालयों की टीमों को सौंप दिया गया. 19 मई मंगलवार को समापन दिवस पर रक्तदाताओं की यह संख्या कई सौ और बढ़ेगी. तृतीय दिवस का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नितिन त्रिपाठी ने कहा कि यहां आकर जो देखा और जाना वह सेवा संस्कार का अद्भुत, अकल्पनीय उदाहरण है जहां रक्तदाता के रूप में इंसान देवता हो जाता है. कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक डा राजेंद्र चऊदा ने कहा कि रक्तदान का यह आयोजन सिर्फ आयोजन नहीं बल्कि मानव सेवा का महाकुंभ बन गया है. प्रदेश में अनूठा है जहां जन्मदिन को प्राण रक्षा का जरिया बनाया गया है.खुरई सिविल अस्पताल के बीएमओ डा रामजी ठाकुर ने स्टाफ के 12 सदस्यों के साथ रक्तदान किया. खुरई नपा उपाध्यक्ष राहुल चैधरी, गब्बर सिंह, आकाश परिहार, नर्मदा सेन, रामशास्त्री शुक्ला ने अपने 20 साथियों के साथ रक्तदान किया. पत्रकार ब्रह्मदत्त दुबे कवरेज के लिए पहुंचे और स्वयं भी रक्तदान किया. खुरई से पुष्पेंद्र सिंह रारौन, पार्षद राजेंद्र यादव, इंद्रकुमार राय अपने साथ 66 पौधे और 10 रक्तदाताओं को लेकर शिविर में पहुंचे. वरिष्ठ पार्षद बलराम यादव भी साथियों सहित रक्तदान के लिए पहुंचे. मालथौन की भाजपा नेता, सीमा राय ने अपने साथ आईं 12 महिला रक्तदाताओं के साथ रक्तदान किया. वरिष्ठ पार्षद नीतिराज पटेल, बांदरी से श्रीमती लक्ष्मी लोधी ने रक्तदान किया.

## ग्राहक पंचायत ने सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को उपभोक्ताओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन में एमआरपी प्रणाली में सुधार, उपभोक्ता संरक्षण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आम जनता को राहत देने संबंधी मांगें प्रमुख रूप से रखी गईं. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कहा कि वर्तमान समय में बाजार में कई कंपनियां उत्पादों पर मनमाना एमआरपी अंकित कर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही हैं. संस्था ने मांग की कि एमआरपी निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए तथा उपभोक्ताओं को वास्तविक मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएं. मंत्री श्री राजपूत ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उपभोक्ताओं के हित सर्वोपरि हैं और ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान डॉ संदीप श्रीवास्तव, मनीष दुबे, गौरव राजपूत, निलेश पाठकर, संदीप रैकवार मौजूद थे.

## हाइवे किनारे केले के कोल्ड स्टोरेज में आग

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 18 मई. हाइवे स्थित नहर के पास बने केले के गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई.**



आग इतनी विकराल थी कि उसकी लपटें कई फीट ऊंचाई तक उठती दिखाई दीं, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई.बताया जा रहा है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में केले का स्टॉक और क्रेट रखे हुए थे. आग लगने के कारण देखते ही देखते पूरा गोदाम धुएं और आग की चपेट में आ गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि दूर से ही धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था. प्राथमिक जानकारी के अनुसार गोदाम के मालिक बदायूं निवासी बताए जा रहे हैं. घटना में गोदाम में रखा लगभग 10 लाख रुपये नकद और करीब 5 हजार क्रेट जलकर नष्ट हो गए. अनुमानित तौर पर कुल 40 से 50 लाख रुपये तक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है. समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों और संपत्तियों को नुकसान होने से बचा लिया गया. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं. घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप का माहौल बना रहा.

## सोशल मीडिया जनसंवाद का सशक्त माध्यम : अग्रवाल

नवभारत न्यूज

**सागर 18 मई. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग द्वितीय दिवस आयोजित हुआ.**



मीडिया एवं सोशल मीडिया,नई तकनीक, एआई, प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण विषय पर आयोजित सत्र को भाजपा प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान दौर में मीडिया और सोशल मीडिया जनसंपर्क, जनमत निर्माण और संगठन की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं. राजनीतिक कार्यकर्ता को मीडिया से दूरी नहीं बल्कि सकारात्मक और सक्रिय समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए. उन्होंने कहा कि फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म आज जनसंवाद के प्रभावी साधन हैं. छोटे–छोटे वीडियो, रील्स, पॉडकास्ट और स्थानीय विकास कार्यों की जानकारी समाज तक पहुंचाने में भूमिका निभा सकते हैं. उन्होने कार्यकर्ताओं से नमो ऐप एवं संगठन ऐप के उपयोग, डेटा आधारित कार्यशैली, मीडिया मॉनिटरिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सही उपयोग पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया. सत्र की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने की. नवम सत्र में मुख्य वक्ता विवेक चतुर्वेदी ने विचार परिवार विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की वैचारिक परंपरा एवं कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला. अध्यक्षता शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने की. दशम सत्र में प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह ने जनकल्याणकारी योजनाओं पर विचार साझा किए, अध्यक्षता डॉ.अनिल तिवारी ने की. जिला प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस में ग्यारहवें सत्र में विधायक विधायक प्रदीप लारिया ने विचार साझा किए. अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने की. प्रदर्शनी अवलोकन उपरांत मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को कार्यसंस्कृति एवं जनसेवा के मूल मंत्रों से जोड़ने का कार्य किया जाता है.